# उत्तर प्रदेश के डिग्री कॉलेजों में जल्द शुरू होंगे ई-लर्निंग पार्क

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उच्च शिक्षा संस्थानों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिये एक नई पहल के तहत उत्तर प्रदेश सरकार जल्द ही राज्य के 120 डिग्री कॉलेजों में ई-लर्निंग पार्क शुरू करने जा रही है।

## प्रमुख बिंदु

- उन्होंने बताया कि राज्य में 87 ई-लर्निंग पार्क स्थापित करने का काम पहले ही पूरा कर लिया गया है और शेष पार्कों का काम अगले 100 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। ये ई-लर्निंग पार्क एक डिजिटल लाइब्रेरी के साथ कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्शन और वाई-फाई से लैस होंगे।
- अगले 100 दिनों में ही ABACUS-UP पोर्टल लॉन्च किया जाएगा, जिसके माध्यम से छात्रों और शिक्षकों के विभिन्न पहलुओं को जोड़ा जाएगा।
- राज्यस्तरीय एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट ABACUS-UP पोर्टल NEP (नई शिक्षा नीति) का हिस्सा है। इसी संदर्भ में NEP-20 के तहत आने वाले सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को ABACUS-UP पोर्टल पर छात्रों और शिक्षकों का डेटा अपलोड करने के लिये कहा गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/e-learning-parks-will-start-soon-in-degree-colleges-of-uttar-pradesh